प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्रीय खान मंत्रालय के भारतीय खानब्यूरो की ओर से वर्ष 2023–24 के लिए देश भर में सेवन और फाइव स्टार–रेटिंग वाली खदानों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए आज जयपुर में एक समारोह आयोजित किया जारहा है। समारोह में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी मौजूद है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खनन और पर्यावरण के बीच संतुलन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खनन, सतत, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल प्रदेश में रॉयल्टी में 24 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो एक रिकॉर्ड है। प्रदेश में हर प्रकार का खनिज उपलब्ध है और सरकार भी हर तरह की सहायता दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि अवैध खनन पर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ लगातार कार्रवाई कर रही है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हो रहे समारोह में वर्ष 2023–24 के लिए कुल 3 खदानों को 7–स्टार तथा 95 अन्य खदानों को 5–स्टार रेटिंग के लिए सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सतत विकास ढांचे के भीतर देश भर में खनन कार्यों का मूल्यांकन करना तथा वर्तमान और भावी पीढ़ियों के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं की रक्षा करते हुए समावेशी विकास की परिकल्पना को बढ़ावा देना है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज कोटा के सांगोद में आयोजित समारोह में सुपोषित मां अभियान का शुभारंभ करेंगे। ये अभियान वंचित और 50 किलोग्राम से कम वजन वाली गर्भवती महिलाओं के उचित पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से चलाया जायेगा। अभियान की शुरुआत 5 महिलाओं को सांकेतिक रूप से पोषण किट देकर की जायेगी। कार्यक्रम के बाद लोकसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत् आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। वे शिविर के लाभार्थियों से बात भी करेंगे। वहीं 5 छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान 92 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने आज कोटा में वन महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर भी मौजूद रहे। उन्होंने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

000

राष्ट्र, करगिल युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा को उनकी पुण्यतिथि पर आज श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनकी बहादुरी और बलिदान राष्ट्र की सेवा का एक शानदार उदाहरण है। कैप्टन बत्रा ने साल 1999 में करगिल युद्ध के दौरान अपनी कंपनी का नेतृत्व करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्वाइंट–5140 पर कब्जा किया था। कैप्टन बत्रा को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

00000

आरएएस भर्ती परीक्षा 2023 के छठे चरण के साक्षात्कार का आयोजन आज से किया जा रहा है। ये साक्षात्कार 31 जुलाई तक चलेंगे। राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि छठें चरण के साक्षात्कार के विस्तृत कार्यक्रम की सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि आरपीएससी द्वारा 972 पदों के लिए आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 का आयोजन 20 और 21 जुलाई को किया गया था।

00000

राज्य सरकार ने टेंडर के बाद प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को दुबारा प्रस्ताव भेजने की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। विकास कार्यों में तेजी लाने और प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए राज्य में अब नई व्यवस्था लागू की गई है।

00000

प्रदेश में मानसून की बारिश का दौर जारी है। आज सुबह राजधानी जयपुर भरतपुर और डीग सहित कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटो में राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम और मध्यम से भारी तथा कहीं–कहीं अतिभारी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक 132 मिलिमीटर बारिश दौसा के सिकराय में दर्ज की गई।

00000